# संचालनालय
# कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, छ.ग.
## डी–290/5, टैगोर नगर रायपुर

क्रं./स्था./लो.वि/2014/01 रायपुर, दिनांक 01/01/2014

छत्तीसगढ़ श्रम विभाग के निर्देश कमांक 426/अ.मु.स./श्रम/2013 दिनांक 26.09.2013 तथा पत्र कमांक एफ 1–68/2013/16 दिनांक 26.12.2013 के संदर्भ में कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अन्तर्गत निम्नलिखित रिक्त पदों पर भर्ती के लिये छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं । सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन कमांक एफ 13–15/2012/आ.प्र./1/3 दिनांक 18.07.2012 के निर्देशानुसार, की जाने वाली नियुक्तियॉ माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका कमांक 591/2012, 592/2012, 593/2012, 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेंगी एवं माननीय न्यायालय के अंतिम आदेश/निर्णय के अनुसार विज्ञापित किये गये पदों की वर्गवार रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है । आवेदन पत्र भरने के पूर्व आवेदक स्वयं सुनिश्चित कर लें कि वे नियुक्ति हेतु निर्धारित अर्हता तथा अन्य शर्तों के अनुसार पात्रता रखते हैं ।

| क्र. | पदनाम | वेतनमान | पदों की संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व. | अना | |
| 1 | स्टेनोग्राफर | 5200–20200+ ग्रेड पे 2800 | – | – | – | 1 | 1 |
| 2 | डाटा एण्ट्री ऑपरेटर | 5200–20200+ ग्रेड पे 2400 | 5 | 15 | 6 | 19 | 45 |
| 3 | सहायक ग्रेड – 3 | 5200–20200+ ग्रेड पे 1900 | 5 | 13 | 6 | 17 | 41 |
| 4 | स्टेनोटायपिस्ट | 5200–20200+ ग्रेड पे 1900 | – | – | – | 1 | 1 |
| 5 | स्टाफ नर्स | 5200–20200+ ग्रेड पे 2800 | 6 | 18 | 8 | 23 | 55 |
| 6 | लैब अस्सिटेंट | 5200–20200+ ग्रेड पे 1900 | | 1 | | 1 | 2 |
| 7 | मिडवाइफ | 5200–20200+ ग्रेड पे 1900 | – | 2 | 1 | 2 | 5 |
| 8 | फार्मासिस्ट ग्रेड–2 | 5200–20200+ ग्रेड पे 1900 | 4 | 10 | 5 | 13 | 32 |
| 9 | वाहन चालक | 5200–20200+ ग्रेड पे 1900 | 1 | 2 | –– | 1 | 4 |
| 10 | स्ट्रेचर वियरर कम क्लीनर | 4750–7440+ ग्रेड पे 1300 | 1 | 2 | –– | 1 | 4 |
| | | कुल योगः– | 22 | 63 | 26 | 79 | 190 |

1. ये नियुक्तियॉ कर्मचारी राज्य बीमा योजना (तृतीय श्रेणी अविज्ञप्त) भर्ती नियम 1978 तथा कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें (चतुर्थ श्रेणी) सेवा भर्ती नियम 1985 के अन्तर्गत की जायेंगी ।
2. दिनांक 01.01.2014 को आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष से कम होनी चाहिये । छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व आदेशानुसार अ.जा., अ.ज.जा., अ.पि.व., महिला, विधवा, परित्यकता आदि को आयु सीमा में अतिरिक्त छूट प्राप्त होगी ।
3. आवेदक को छत्तीसगढ़ निवासी होना आवश्यक होगा ।
4. छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिये ।
5. आरक्षित वर्ग के आवेदक के पास आरक्षण का लाभ लेने के लिये, सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्थायी जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है ।
6. कमांक 1 से 9 तक के चयनित आवेदकों को प्रथमतः दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर तथा कमांक 10 के चयनित आवेदकों को एक वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त किया जायेगा ।
7. आवश्यकतानुसार विज्ञापित पदों की संख्या कम अथवा अधिक की जा सकती है । ये नियुक्तियॉ कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अन्तर्गत प्रदेश में किसी भी स्थान पर की जा सकती हैं । प्रथम नियुक्ति के पश्चात् एक वर्ष की अवधि तक प्राप्त होने वाली रिक्तियों को अनुपूरक सूची से भरा जा सकेगा ।

8. महिलाओं को नियमानुसार 30 प्रतिशत हारिजान्टल आरक्षण दिया जायेगा । किसी कारणवश महिला अभ्यर्थी का चयन न होने पर यदि पद रिक्त हो जाता है तो ऐसे पद अग्रणीत नहीं किये जायेंगे वरन उसी प्रवर्ग से पुरूष उम्मीदवार द्वारा भरे जा सकेंगे, जिस प्रवर्ग के लिये आरक्षित हैं ।
9. भूतपूर्व सैनिकों तथा विकलांगो को नियमानुसार आरक्षण प्राप्त होगा ।
10. आरक्षण नियमों, निर्देशों तथा आरक्षण रोस्टर के संबंध में समय–सयम पर जारी निर्देश इस विज्ञप्ति पर भी लागू होंगे ।
11 ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय अथवा अर्द्ध शासकीय संस्था में सेवारत हैं, उन्हें अपना आवेदन पत्र नियोक्ता/विभाग प्रमुख के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्तुत करना होगा ।
12. छ.ग. सिविल सेवा नियम 1961 के नियम 6 के अनुसार अपात्र उम्मीदवारों को नियुक्ति नहीं दी जायेगी, जैसे जिसने न्यूनतम आयु के पूर्व विवाह किया है, जिसकी दो से अधिक संतान हैं जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हुआ है ।
13. परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का यह अर्थ कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है । चयन के किसी भी स्तर पर तथा चयन के पश्चात् भी आवेदक के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी एवं उम्मीद्वार के विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही भी की जा सकेगी ।
14. अपूर्ण, अस्पष्ट तथा त्रुटीपूर्ण आवेदन पत्र के संबंध में कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

**शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यतायें :–**

| क्रं. | पद का नाम | | अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | **स्टेनोग्राफर** | 1 | मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण । |
| | | 2 | मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से –<br>**(क) शीघ्रलेखक (हिन्दी) के लिये –**<br>हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)<br>अथवा<br>**(ख) द्विभाषी – शीघ्रलेखक के लिये –**<br>हिन्दी तथा अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| | | 3 | मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग मे एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की गति 10000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| 2 | **डाटा एण्ट्री ऑपरेटर** | **1** | मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण,<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण ।<br>अथवा<br>कक्षा 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा । |
| | | **2** | किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग मे एक वर्षीय डिप्लोमा तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में डाटा एण्ट्री की गति 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | **सहायक ग्रेड – 3** | 1 | मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण । |
| | | 2 | किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग मे एक वर्षीय डिप्लोमा/ प्रमाण पत्र तथा |
| | | 3 | कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग हेतु 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| 4 | **स्टेनो टायपिस्ट** | 1 | मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण, अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण । |
| | | 2 | हिन्दी शीघ्रलेखन में 60 शब्द प्रतिमिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| | | 3 | मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग मे एक वर्षीय डिप्लोमा /प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की गति 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) |
| 5 | **स्टाफ नर्स** | | हायर सेकेण्डरी (10+2) उत्तीर्ण । मान्य संस्था से जनरल नर्सिंग एवं 1.5 (डेढ़) वर्षीय मिडवाइफरी कोर्स उत्तीर्ण । छ.ग. नर्सिग काउन्सिल में पंजीयन अनिवार्य |
| 6 | **लैब असिस्टेंट** | | हायर सेकेण्डरी (10+2) विज्ञान विषयों में उत्तीर्ण । (नियुक्त कर्मचारियों को पैथालॉजी प्रयोगशाला में कार्य करना होगा अतः संबंधित विषय का ज्ञान आवश्यक) |
| 7 | **मिडवाइफ** | | मिडवाइफरी कोर्स उत्तीर्ण |
| 8 | **फार्मासिस्ट ग्रेड–2** | | हायर सेकेण्डरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण । मान्य संस्था से फार्मासिस्ट की परीक्षा उत्तीर्ण । |
| 9 | **वाहन चालक** | | हिन्दी का ज्ञान तथा हल्के एवं भारी वाहन चलाने का लायसेंस |
| 10 | **स्ट्रेचर वियरर कम क्लीनर** | | पॉचवी परीक्षा उत्तीर्ण |

**(क्रमांक 1 से 8 तक के पदों हेतु अंक सूचियों/शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है ।)**

## नियुक्ति हेतु चयन प्रकिया

1. क्रमांक 1 से 8 तक के पदों के लिये रिक्तियों के 20 गुना से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर लिखित चयन परीक्षा ली जायेगी । इससे कम आवेदन प्राप्त होने पर शैक्षणिक योग्यता की मेरिट सूची के आधार पर आवेदनों की सख्या सीमित की जायेगी ।
2. लिपिक वर्गीय पदों (सहायक ग्रेड–3, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, स्टेनो टायपिस्ट तथा स्टेनो ग्राफर) के लिये एक ही लिखित संयुक्त परीक्षा ली जायेगी । लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी । मेरिट सूचियों के अनुसार लिपिक वर्गीय पदों हेतु अलग–अलग कौशल परीक्षा ली जायेगी । रिक्त पदों के लगभग 3 गुना अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा हेतु आमंत्रित किया जायेगा । कौशल परीक्षा के पूर्व अभ्यर्थियों को परीक्षा हेतु विकल्प/सहमति देनी होगी । मेरिट के अनुसार अभ्यर्थी एक से अधिक पद हेतु कौशल परीक्षा दे सकेंगे । कौशल परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को चयन के लिये अपात्र माना जायेगा । भले ही लिखित परीक्षा में उन्हें अधिक अंक प्राप्त हुये हों । लिखित परीक्षा तथा कौशल परीक्षा के अंक जोड़कर अंतिम मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी ।
3. क्रमांक 5 से 8 तक के अभ्यर्थियों को चयन परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी । मेरिट सूचियों के अनुसार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा । परीक्षा के अंकों तथा साक्षात्कार के अंकों को जोड़कर अंतिम मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी ।
4. वाहन चालक के पदों हेतु लिखित परीक्षा नहीं ली जायेगी । केवल कौशल परीक्षा तथा साक्षात्कार लिया जायेगा । इनके अंकों के योग के आधार पर अंतिम मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी ।

5. स्ट्रेचर वियरर कम क्लीनर के पदों हेतु लिखित परीक्षा नहीं ली जायेगी । न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (पॉचवी परीक्षा) के आधार पर मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी । अभ्यर्थियों को पॉचवी परीक्षा में प्राप्त अंकों (पूर्णांक, प्राप्तांक, प्राप्त अंकों का प्रतिशत) का विवरण देना होगा । आवेदन के साथ पॉचवी परीक्षा की अंक सूची की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करनी होगी । यदि पॉचवी परीक्षा में अंकों के स्थान पर ग्रेड दिये गये हों तो ग्रेड को अंकों में रूपांतरित कर अपने संस्थान से प्रमाणित करवाकर प्राप्तांकों का विवरण संलग्न करने का उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा । मेरिट सूची के अनुसार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेगा । शैक्षणिक योग्यता के अंक तथा साक्षात्कार के अंकों का योग करके अंतिम मेरिट सूचियॉ बनाई जायेंगी ।
6. चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम तथा सर्वमान्य होगा ।

**परीक्षा शुल्क –**

क्रमांक 1 से 8 तक के पदों के लिये प्रत्येक अभ्यर्थी को चयन परीक्षा शुल्क देना होगा । अनारक्षित वर्ग को रू. 450, अन्य पिछड़ा वर्ग को रू. 450, अनुसूचित जाति वर्ग को रू. 200 तथा अनुसूचित जन जाति वर्ग को रू. 200 की अप्रतिदेय (Non Refundable) राशि देनी होगी । यह राशि बैंक ऑफ बड़ौदा रायपुर की विवेकानंद शाखा के खाता "ESI TEST" खाता क्रमांक **24260100014413** में जमा करना होगा । इस बैंक शाखा का IFSC CODE - BABROVIVEKA है । परीक्षा शुल्क बैंक ऑफ बडौदा की अन्य शाखाओं से तथा अन्य बैंकों से भी जो विभिन्न स्थानों पर हैं, से भी इस खाते में जमा किया जा सकता है । परीक्षा शुल्क जमा करने बैंकों द्वारा लिये जाने वाले शुल्क/कमीशन का वहन अभ्यर्थियों को करना हो्गा । बैंक में शुल्क जमा कर अभ्यर्थी पावती के साथ लेन–देन संख्या (Transaction Number) प्राप्त कर लेवें । आवेदन के साथ बैंक से प्राप्त पावती/काउन्टर फाईल मूलतः संलग्न करना आवश्यक है, जिस पर लेन–देन संख्या (Transaction Number) स्पष्ट रूप से अंकित हो । वाहन चालक तथा स्ट्रेचर वियरर के पदों हेतु परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा । परीक्षार्थियों को परीक्षा स्थल पर आने–जाने के लिये किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा । यदि आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी आवेदन के साथ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निर्धारित प्रपत्र पर जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न नहीं करते हैं तो उन्हें परीक्षा शुल्क में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जायेगी ।

**आवेदन के संबंध में निर्देश –**

(1) निर्धारित प्रारूप में हस्तलिपि अथवा टाईप कर आवेदन प्रस्तुत करें ।
(2) लिफाफे के उपर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग अनिवार्य रूप से लिखें ।
(3) बैंक में परीक्षा शुल्क जमा करने के पश्चात् प्राप्त पावती/काउन्टर फाइल जिस पर लेन–देन संख्या (Transaction Number) अंकित हो, की मूल प्रति आवेदन के साथ संलग्न करे ।
(4) **क्रमांक 1 से 8 तक के पदों हेतु अंकसूचियॉ/शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है ।**
(5) वाहन चालक के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता, आयु प्रमाण पत्र, छ.ग. निवासी, रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन, आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र, हल्के एवं भारी वाहन चालन के लायसेंस की सत्यापित छायाप्रतियॉ संलग्न करें ।
(6) स्ट्रेचर वियरर कम क्लीनर के पद हेतु पॉचवी परीक्षा की अंक सूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें ।
(7) आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को आरक्षण तथा परीक्षा शुल्क में छूट का लाभ लेने के लिये सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी किये गये जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है ।
(8) आवेदन पत्र पंजीकृत डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से **संचालनालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें, डी 290/5, टैगोर नगर रायपुर** में प्रेषित करें । निर्धारित समयावधि में आवेदन संचालनालय में उपलब्ध करवाने का उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
(9) आवेदन का प्रारूप श्रम विभाग की वेबसाइट **www.cglabour.gov.in**, अथवा राज्य शासन की वेब साइट **www.cg.gov.in** से प्राप्त किया जा सकता है । आवेदन फार्म कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें से भी प्राप्त किया जा सकता है ।
(10) आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पूर्ण नाम एवं पता लिखे हुये दो लिफाफे, प्रत्येक पर रू. 5 की डाक डिकट चस्पा करते हुये आवश्यक रूप से संलग्न करें ।
(11) संचालनालय में **दिनांक 05.02.2014 सायं 5.00 बजे** के पूर्व आवेदन स्वीकार किये जायेंगे ।

संचालक
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें
रायपुर

## आवेदन पत्र का प्रारूप

कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें के अन्तर्गत रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन

राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित किया गया नवीनतम फोटो

प्रति,

संचालक
कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें
रायपुर (छ.ग.)

आवेदक के हस्ताक्षर

1. पद का नाम – ..............................................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) – ..............................................................................................
   (अंग्रेजी में) – ..............................................................................................
3. पिता/पति का नाम (हिन्दी में) – ..............................................................................................
   (अंग्रेजी में) – ..............................................................................................
4. जन्मतिथि – ....................................................... 5 जाति/वर्ग (√) (निशान लगायें)

| अ.जा. | अ.ज.जा. | अ.पि.व | अना. |
|---|---|---|---|
| | | | |

6. पत्र व्यवहार का पता –

7. दूरभाष/मोबाइल क्रमांक – ............................................... 8. निःशक्तजन हैं/नहीं ..................................
9. भूतपूर्व सैनिक हैं/नहीं ...................... 10. छ.ग. के निवासी का प्रमाण पत्र है/नहीं ..................................
11. ई–मेल पता ..............................................................................................
12. शैक्षणिक योग्यता – ..............................................................................................
    (स्ट्रेचर वियरर कम क्लीनर पद हेतु – पॉचवी परीक्षा में प्राप्त अंकों का प्रतिशत..........................................)
13. स्टाफ नर्स के अभ्यर्थी – नर्सिंग काउन्सिल में पंजीयन क्रमांक/दिनांक ..........................................
14. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन क्रमांक/दिनांक ..........................................
15. शुल्क जमा करने वाले बैंक का नाम .............................................................................. शाखा का नाम
    ..................................................लेनदेन संख्या क्रमांक ........................दिनांक .................... राशि रू. ................
    (Transaction Number)

### घोषणा पत्र

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त विवरण पूर्णतः सत्य एवं पूर्ण है । किसी भी स्थिति में विवरण असत्य पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी निरस्त हो जायेगी तथा मेरे सभी दावे समाप्त हो जायेंगे ।

हस्ताक्षर – ........................................

दिनांक :– 
आवेदक का नाम – ....................................

स्थान :–